>

Title: Request the government to set up a branch of foreign ministry in Gorakhpur.

श्री रवि किशन (गोरखपुर) : अध्यक्ष महोदय, मुझे आपने शून्य काल में लोक महत्व के एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय को उठाने की अनुमति दी है, मैं उसके लिए आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं । मैं सबसे पहले हमारे देश के श्रद्धेय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने कोरोना वायरस के अवेयरनेस के लिए रविवार को जो जनता कर्फ्यू किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं और मैं यह वचन लेता हूं कि मैं उस जनता कर्फ्यू में पूरी तरह से देश का साथ दूंगा ।

अध्यक्ष महोदय, जैसा कि आप जानते हैं कि मेरा संसदीय क्षेत्र गोरखपुर है । वह उत्तर प्रदेश राज्य के पूर्वांचल का सबसे मुख्य और प्रमुख शहर है । यह पड़ोसी राज्य बिहार, उत्तराखंड और सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है । बड़हलगंज, देवरिया और वहां के बहुत सारे क्षेत्रों के बहुत से लोग विदेशों में रहते हैं । गोरखपुर क्षेत्र के पांच लाख लोग विदेशों में रहते हैं । वहां गरीब लोग भी हैं । वे रोजगार के लिए बाहर जाते हैं । लेकिन अगर उनको किसी भी वजह से विदेश मंत्रालय से कोई काम होता है, तो उनको दिल्ली आना पड़ता है, which they cannot afford.

महोदय, मेरी आपके माध्यम से यह विनती है कि अगर विदेश मंत्रालय का एक क्षेत्रीय कार्यालय हमारे गोरखपुर में खुल जाता, तो बड़ी कृपा होती और वहां के अगल-बगल का पूरा क्षेत्र खुश हो जाता ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री रवि किशन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

11.06 hrs

SUBMISSIONS BY THE MEMBERS